रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-18092023-248814
CG-DL-E-18092023-248814

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 535] नई दिल्ली, सोमवार, सितम्बर 18, 2023/भाद्र 27, 1945
No. 535] NEW DELHI, MONDAY, SEPTEMBER 18, 2023/BHADRA 27, 1945

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 18 सितम्बर 2023

सा.का.नि. 677(अ).—प्रयुक्त तेल के लिए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व से अंतर्विष्ट प्रारूप अधिसूचना भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की भारत के राजपत्र, असाधारण के भाग ।।, खंड 3, उप-खंड (i) में तारीख 2 मई, 2023 की अधिसूचना सं. सा.का.नि. 338(अ) के अधीन प्रकाशित की थी, जिसमें उन सभी व्यक्तियों से जिनकी इससे प्रभावित होने की संभावना है, उस तारीख से जिसको उक्त अधिसूचना में अंतर्विष्ट राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध कराई गईं थीं, से साठ दिनों की समाप्ति से पूर्व आपत्तियां और सुझाव मांगे गए थे।

और उक्त अधिसूचना वाले राजपत्र की प्रतियां तारीख 02 मई, 2023 को जनता को उपलब्ध करा दी गईं थीं;

और उक्त अवधि के भीतर उक्त प्रारूप अधिसूचना के संबंध में जनता से प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा सम्यकत: विचार कर लिया गया है;

अत: अब केंद्रीय सरकार पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उप-नियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 6, 8 और 25 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए परिसंकटमय

और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमापारीय संचलन) नियम, 2016 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्तनाम परिसंकटमय और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमापारीय संचलन) दूसरा संशोधन नियम, 2023 हैं।

(2) वे 1 अप्रैल, 2024 से प्रवृत्त होंगे ।

2. परिसंकटमय और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमापारीय संचलन) नियम, 2016 (इसमें इसके पश्चात् उक्त नियमों के रूप में संदर्भित), अध्याय VI के पश्चात्, निम्नलिखित अध्याय को अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्: -

'अध्याय VII

प्रयुक्त तेल के लिए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व

25. परिभाषाएँ. – इस अध्याय के प्रयोजनों के लिए, –

(क) **'बेस ऑयल'** से परिष्कृत स्नेहन (लुब्रिकेशन) तेल के उत्पादन के लिए उपयोग किया जाने वाला तेल अभिप्रेत है;

(ख) **'थोक उत्पादक'** में ऑटोमोबाइल उद्योग या रेलवे या रक्षा प्रतिष्ठानों या परिवहन कंपनियों या औद्योगिक इकाइयों या बिजली पारेषण कंपनियों या होटलों एवं रेस्टोरेंटों आदि जैसी कोई भी इकाई अभिप्रेत है जो प्रति वर्ष 100 मीट्रिक टन से अधिक प्रयुक्त तेल का उत्पादन कर रही है;

(ग) कारबार से बेस ऑयल या लुब्रिकेशन ऑयल के उत्पादन या निर्माण या बिक्री, बेस ऑयल के आयात, प्रयुक्त तेल के पुनः चक्रीकरण की कोई क्रियाकलाप अभिप्रेत है;

(घ) **'संग्रह स्थल'** से उन क्षेत्रों और वह केंद्र अभिप्रेत है जहां इस अध्याय के प्रयोजनों के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी मानक प्रचालन प्रक्रिया या दिशानिर्देशों के अनुसार, अधिकृत संग्रह अभिकर्ता प्रयुक्त तेल का संग्रह करेगा;

(ड.) **'संग्रह अभिकर्ता'** से किसी भी व्यक्ति या संस्था अभिप्रेत है जो प्रयुक्त तेल का संग्रह करता है और पुनर्चक्रक को इसकी आपूर्ति करता है;

(च) **'ऊर्जा-पुनःप्राप्ति'-** से ऐसे प्रयुक्त तेल के ईधन के रूप में उपयोग किए जाने जाने वाली प्रक्रिया अभिप्रेत है जिसका कि इन नियमों के अनुसार पुनश्चक्रण नहीं किया जा सकता है।

(छ) **'प्रयुक्त तेल का पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल प्रबंधन'** से केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए ऐसे सभी आवश्यक कदम उठाना अभिप्रेत है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि प्रयुक्त तेल का प्रबंधन इस तरह से किया जाता है कि स्वास्थ्य और पर्यावरण को ऐसे किसी भी प्रतिकूल प्रभाव से बचाया जा सके जो प्रयुक्त तेल के संग्रह, परिवहन और पुनः चक्रीकरण के दौरान हो सकते हैं;

(ज) **'विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व'** से बेस ऑयल या लुब्रिकेशन ऑयल के उत्पादक या प्रयुक्त तेल के आयातक का उत्तरदायित्व अभिप्रेत है जो कि केवल रजिस्ट्रीकृत पुनश्चक्रक के माध्यम से पुनश्चक्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए होती है जिससे कि प्रयुक्त तेल का पर्यावरण की दृष्टि से कुशल प्रबंधन सुनिश्चित हो सके;

(झ) **'मार्गदर्शक सिद्धांत**' से केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा तैयार और जारी किया गया किया गया एक दस्तावेज अभिप्रेत है जिसमें प्रयुक्त तेल के हथालन, संग्रह, परिवहन, भंडारण और पुनः चक्रीकरण सहित प्रयुक्त तेल के पर्यावरण के अनुकूल प्रबंधन के लिए, न्यूनतम अपेक्षाओं का विवरण दिया गया है;

IndiaCode

(ञ) '**पोर्टल**' से इस अध्याय के अनुपालन के प्रबंधन और कार्यान्वयन के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विकसित ऑनलाइन प्रणाली अभिप्रेत है;

(ट) '**उत्पादक**' से प्रयुक्त की गई बिक्री तकनीक जैसे कि डीलर, रिटेलर, ई-रिटेलर आदि के निरपेक्ष किसी व्यक्ति या इकाई अभिप्रेत है जो-

(i) अपने स्वयं के ब्रांड के अधीन घरेलू स्तर पर बेस ऑयल या लुब्रिकेशन तेल का निर्माण और बिक्री का प्रस्ताव करता है; या

(ii) अन्य निर्माताओं या आपूर्तिकर्ताओं द्वारा निर्मित बेस ऑयल का उपयोग करते हुए, अपने स्वयं के ब्रांड के अधीन घरेलू स्तर पर लुब्रिकेशन तेल बेचने का प्रस्ताव करता है; या

(iii) आयातित बेस ऑयल या लुब्रिकेशन तेल घरेलू स्तर पर बेचने का प्रस्ताव करता है;

(ठ) '**पुन: चक्रण'** से इस अध्याय के प्रयोजनों के लिए केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) या दिशानिर्देशों में दिए अनुसार स्थापित केन्द्रों के माध्यम से पर्यावरण के अनुकूल रीति से बेस ऑयल या लुब्रिकेशन तेल का उत्पादन करने के लिए प्रयुक्त तेल के पुनर्शोधन की कोई प्रक्रिया या प्रयुक्त तेल से ऊर्जा पुनर्प्राप्ति की कोई प्रक्रिया अभिप्रेत है।

(ड) **'पुनः शोधन** से केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) या दिशानिर्देशों में दिए अनुसार प्रयुक्त तेल से अवांछित अशुद्धियों को हटाने और अंतिम उत्पाद के रूप में बेस ऑयल या लुब्रिकेशन तेल बनाने की किसी प्रक्रिया अभिप्रेत है।

(ढ) **'पुनः चक्रणकर्ता'** से प्रयुक्त तेल के पुनः चक्रीकरण की प्रक्रिया में लगे किसी व्यक्ति या संस्था अभिप्रेत है;

(ण) '**पुन: चक्रण लक्ष्य'** से नियम 27 के उप-नियम (2) के उपबंधों के अनुसार पुनर्चक्रित किए जाने वाले प्रयुक्त तेल की मात्रा अभिप्रेत है;

(त) **'मानक प्रचालन प्रक्रिया'** से केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उपकरण और प्रक्रियाओं की न्यूनतम आवश्यकता को विस्तार से बताने वाले निर्दिष्ट दस्तावेज़ अभिप्रेत है;

(थ) **'प्रयुक्त तेल'** का वही अर्थ होगा जो इसके लिए उक्त नियमों के नियम 3 के उप-नियम (36) में दिया गया हो; और

(द) **'प्रयुक्त तेल के आयातक'** से किसी ऐसे व्यक्ति या संस्था अभिप्रेत है जो प्रयुक्त तेल का आयात करता है।

26. रजिस्ट्रीकरण. - (1) निम्नलिखित इकाइयां इस पोर्टल पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के यहाँ अपना रजिस्ट्रीकरण करवा सकती हैं, यथा;-

(क) उत्पादक
(ख) संग्रह अभिकर्ता
(ग) 'पुनः चक्रणकर्ता'
(घ) प्रयुक्त तेल आयातक

(2) यदि कोई इकाई उप-नियम (1) के अधीन एक से अधिक श्रेणियों में आती है, तो उसे उक्त श्रेणियों के लिए अपना रजिस्ट्रीकरण अलग-अलग कराना होगा।

(3) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट कोई भी संस्था रजिस्ट्रीकरण के बिना कारबार नहीं कर सकेगी।

(4) उप-नियम (1) के अधीन रजिस्ट्रीकृत इकाइयां ऐसी किसी भी इकाई से कारबार नहीं करेगी जो कि उप-नियम (1) के अधीन रजिस्ट्रीकृत न हो।

IndiaCode

(5) जहां कोई रजिस्ट्रीकृत संस्था ऐसा विवरण या रिपोर्ट या जानकारी जिसे इस अध्याय के अधीन रजिस्ट्रीकरण के लिए या प्रदान करना या प्रस्तुत करना आवश्यक है, के संबंध में गलत सूचना देती है या सूचना जानबूझकर छुपाती है या किसी भी अनियमितता के मामले में, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा ऐसी इकाई का रजिस्ट्रीकरण सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् पांच वर्ष तक की अवधि के लिए रद्द किया जा सकता है और इसके अतिरिक्त, नियम 39 के अनुसार पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क भी लगाया जा सकता है।

(6) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इस अध्याय के अधीन रजिस्ट्रीकरण की मांग करने वाली इकाइयों से रजिस्ट्रीकरण शुल्क और वार्षिक अनुरक्षण शुल्क ले सकता है, जो उनके द्वारा उत्पादित, पुनर्चक्रित या उनके द्वारा संभाले गए प्रयुक्त तेल की मात्रा के आधार पर हो सकता है।

27. विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व की पद्धतियां और इसके लक्ष्य. -

(1) विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व में प्रयुक्त तेल के प्रबंधन के लिए प्राथमिकता के क्रम में निम्नलिखित तरीके आते हैं :

(i) पुन: शोधित बेस तेल या लुब्रिकेशन तेल का उत्पादन

(ii) ऊर्जा की पुनःप्राप्ति

(2) सभी उत्पादक और प्रयुक्त तेल आयतकर्ता को नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट अपने विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्वों पूरा करेंगे और ऐसा करते हुए वे एकीकृत प्रयुक्त तेल प्रबंधन प्रणालियों, संग्रह केंद्रों, डीलरों जैसे तीसरे पक्ष के संगठनों की सहायता ले सकते हैं:

परंतु विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व समग्र रूप से उत्पादक पर ही निहित होंगे।

सारणी

भाग-क

बेस ऑयल या लुब्रिकेशन तेल के उत्पादकों के लिए लक्ष्य को निम्न सारणी में विनिर्दिष्ट किया गया है:-

क्र.सं.	**वर्ष**	**प्रयुक्त तेल पुनः चक्रीकरण लक्ष्य**
(1)	(2)	(3)
(i)	वर्ष 2024-2025 के विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (वह वर्ष जिसमें यह अध्याय प्रवृत्त होती है)	वर्ष 2022-2023 में बेचे या आयात किए गए बेस ऑयल या लुब्रिकेशन तेल का 5%
(ii)	वर्ष 2025-2026 के विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व	वर्ष 2023-2024 में बेचे या आयात किए गए बेस ऑयल या लुब्रिकेशन तेल का 10%
(iii)	वर्ष 2026-2027 का विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व	वर्ष 2024-2025 में बेचे या आयात किए गए बेस ऑयल या लुब्रिकेशन तेल का 20%
(iv)	वर्ष 2027-2028 का विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व	वर्ष 2025-2026 में बेचे या आयात किए गए बेस ऑयल या लुब्रिकेशन तेल का 20%
(v)	वर्ष 2028-2029 का विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व	वर्ष 2026-2027 में बेचे या आयात किए गए बेस ऑयल या लुब्रिकेशन तेल का 40%
(vi)	वर्ष 2029-2030 का विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व	वर्ष 2027-2028 में बेचे या आयात किए गए बेस ऑयल या लुब्रिकेशन तेल का 40%
(vii)	वर्ष 2030-2031 (वर्ष) के पश्चात् के संग्रह और पुनः चक्रीकरण लक्ष्य का विस्तारित उत्पादक	

	उत्तरदायित्व वर्ष (वर्ष-2) में बेचे या आयात किए गए बेस ऑयल या लुब्रिकेशन तेल का 50% होगा।
(viii)	1 अप्रैल 2024 के पश्चात् स्थापित ईकाइयों के लिए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व, वित्तीय वर्ष, जिसमें ईकाई स्थापित की गई थी, के अंत से दो वर्षों की समाप्ति पर शुरू होगा और उपर्युक्त निर्धारित लक्ष्य के अनुसार होगा।

भाग-ख

प्रयुक्त तेल आयातकों के लिए

(i) वर्ष (व) में प्रयुक्त तेल आयातकों के लिए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व संबंधी बाध्यता वर्ष (व-1) में आयातित प्रयुक्त तेल का 100 प्रतिशत होगा।

(ii) केवल पुन: शोधन उद्देश्य के लिए प्रयुक्त तेल के आयात की अनुमति है ।

(3) उत्पादकों के विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व में किसी ऐसे कारक के द्वारा कमी की जा सकेगी जो कि बेस ऑयल के प्रचालन परक घाटे के कारण केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा निर्धारित किया गया हो।

(4) (i) उत्पादक केवल रजिस्ट्रीकृत पुनः चक्रणकर्ता से विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्रों की ऑनलाइन खरीद के माध्यम से अपनी विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व पूरा करेंगे;

(ii) उत्पादकों और रजिस्ट्रीकृत पुनः चक्रणकर्ता द्वारा प्रदान किए गए विवरणों की पोर्टल पर पुनः जांच की जाएगी; और

(iii) अंतर होने के मामले में उत्पादक के विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व संबंधी बाध्यता की पूर्ति के लिए निम्नतर अंक पर विचार किया जायेगा।

(iv) प्रमाण पत्र केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या इस संबंध में उनके द्वारा अधिकृत किसी अन्य एजेंसियों द्वारा पर्यावरण लेखापरीक्षा के अधीन होंगे।

28. विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्र का सृजन. -

(1) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रजिस्ट्रीकृत पुनश्चक्रणकर्ता के पक्ष में पोर्टल के माध्यम से विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्र सृजित करेगा, जिसकी संगणना नीचे दी गई सारणी के अनुसार की जाएगी-

सारणी

क्र.सं.	पुन: चक्रण का अंतिम उत्पाद	अंतिम उत्पाद को आवंटित अधिमान **(Wp)**
1.	पुन: शोधित बेस ऑयल या लुब्रिकेशन तेल का उत्पादन करना	1.0
2.	पुन:चक्रण के लिए अनुपयुक्त प्रयुक्त तेल के लिए सह-प्रसंस्करण/उपयोग/ऊर्जा पुनर्प्राप्ति, अधिकतम अनुमेय प्रतिशत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जाएगा।	0.25

(2) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट सारणी के प्रयोजन के लिए,-

(i) विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्र के सृजन के लिए पात्र मात्रा की गणना निम्नलिखित सूत्र के अनुसार की जाएगी अर्थात्:

$$Q_{EPR} = Q_p \times C_F \times W_p;$$

IndiaCode

Q_{EPR} विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाण पत्र के सृजन के लिए पात्र मात्रा है, Q_p अंतिम उत्पाद की मात्रा है और C_F रूपांतरण कारक (एक यूनिट आउटपुट के उत्पादन के लिए आवश्यक इनपुट की मात्रा) है और W_P विशेष अंतिम उत्पाद के लिए अधिमान है

उदाहरण: यदि एक पुन:चक्रणकर्ता अंततः 100 टन पुनः शोधित (रि-रिफाइंड) तेल का उत्पादन करता है, और रूपांतरण कारक 1.5 है, तो उस वर्ष में उस पुन:चक्रणकर्ता के लिए पात्र ईपीआर (EPR) प्रमाणपत्र निम्नानुसार होगा:

$$Q_{EPR} = 100 \times 1.5 \times 1 \text{ (अधिमान)} = 150.0 \text{ टन}$$

(ii) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पुन:चक्रणकर्ताओं द्वारा प्रयुक्त प्रौद्योगिकियों और उत्पादित पुन: शोधित बेस ऑयल की गुणवत्ता के आधार पर प्रत्येक अंतिम उत्पाद रूपांतरण कारक C_F निर्धारित किया जाएगा;

(iii) तकनीकी प्रगति, सामग्री की उपलब्धता का और अन्य कारकों को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अधिमान W_P की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी;

(3) विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्र की वैधता उस वित्तीय वर्ष की समाप्ति से दो वर्ष होगी जिसमें वह सृजित हुआ था और समाप्ति प्रमाण पत्र स्वतः समाप्त हो जाएगा अन्यथा इन नियमों के अनुसार इसकी अवधि पहले समाप्त न हो जाए।

(4) प्रत्येक विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्र का अपना एक अद्वितीय क्रमांक होगा जिसमें सृजन का वर्ष, अंतिम उत्पाद का कोड, पुनर्चक्रणकर्ता का कोड और अद्वितीय कोड दिया हुआ होगा और यह 100, 200, 500, 1000 और 10,000 किलोग्राम के डिनोमिनेशन में होगा या उस डिनोमिनेशन में होगा जो कि नियम 42 के अधीन गठित संचालन समिति के अनुमोदन से केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित किया गया हो।

29. विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाण-पत्रों का संव्यवहार -

(1) एक उत्पादक अपनी वर्तमान वर्ष (वर्ष व) की विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व देयता के साथ-साथ पिछले वर्ष की शेष देयता तथा वर्तमान वर्ष की देयता के 10 प्रतिशत की सीमा तक विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्र खरीद सकता है।

(2) उत्पादकों और प्रयुक्त तेल आयातकों द्वारा विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व बाध्यता को तिमाही आधार पर विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्रों को उचित अनुपात में खरीद कर पूरा किया जाना होगा।

(3) जैसे ही उत्पादक और प्रयुक्त तेल के आयातक विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्र खरीदता है, यह स्वत: ही उसकी देयता के विरूद्ध समायोजित हो जाएगा, पूर्व देयता को प्राथमिकता दी जाएगी और इस प्रकार समायोजित किया गया विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्र स्वयं समाप्त और रद्द हो जाएगा।

(4) प्रत्येक उत्पादक या प्रयुक्त तेल के आयातक या पुनर्चक्रणकर्ता के लिए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्र की उपलब्धता, अपेक्षा और अन्य ब्यौरे पोर्टल पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

(5) उत्पादकों या प्रयुक्त तेल के आयातकों या पुनर्चक्रणकर्ताओं द्वारा इस अनुसूची के अधीन सभी लेने-देन का रिकार्ड रखा जाएगा और इसे पोर्टल पर प्रस्तुत किया जाएगा।

(6) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संबद्ध की गई अभिकरण के माध्यम से विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्रों की बिक्री या खरीद के लिए एक या एक से अधिक मंच को स्थापित किया जा सकेगा।

30. रजिस्ट्रीकरण, वार्षिक विवरणी फ़ाइल करने, विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्र और सामग्री का पता लगाने के लिए पोर्टल-

(1) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रजिस्ट्रीकरण के साथ-साथ तिमाही और वार्षिक रिटर्न को फ़ाइल करने, विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्र और किसी निकाय या व्यक्ति द्वारा उत्पादित या उत्पन्न तेल का पता लगाने के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली स्थापित करेगा जो एक ऐसे तंत्र को सुनिश्चित करेगी जिसमें किसी वित्तीय वर्ष में किसी उत्पादक द्वारा बाजार में लाए गए ल्युब्रिकेशन ऑयल का वास्तविक संतुलन परिलक्षित होता हो;

(2) यह पोर्टल प्रयुक्त तेल से संबंधित विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व के प्रबंधन और कार्यान्वयन से संबंधित एकल बिंदु डेटा भंडार के रूप में कार्य करेगा।

(3) यह ऑनलाइन पोर्टल परिसंकटमय और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन एवं सीमापार संचलन) द्वितीय संशोधन नियमावली, 2023 के लागू होने की तारीख से छह माह के भीतर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा चालू कर दिया जाएगा और विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व से संबंधित सभी क्रियाकलाप ऑनलाइन रीति से ही किए जाएंगे।

(4) इन अनुसूची के अधीन प्रयुक्त तेल के परिवहन के लिए मालसूची प्रणाली, उन इकाइयों के लिए लागू होगी जिनके लिए उक्त नियमावली के अधीन अधिप्रमाणन किया जाना अपेक्षित है।

31. उत्पादकों का उत्तरदायित्व. - बेस ऑयल या ल्युब्रिकेशन ऑयल के उत्पादक निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी होंगे -

(क) पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण।

(ख) नियम 27 के उप-नियम(2) के अनुसार विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व के लक्ष्यों को पूरा करना।

(ग) अपनी वेबसाइट या विज्ञापनों या प्रलेखन के माध्यम से उपभोक्ता (ओं) को संपर्क विवरण जैसे पता, ई-मेल पता, टोल-फ्री टेलीफोन नंबर या हेल्पलाइन नंबर प्रदान करना जिससे प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाया जा सके।

(घ) किसी वित्तीय वर्ष से संबंधित वार्षिक रिटर्न उस वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात् 30 जून को या उससे पहले पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में फ़ाइल करना।

(ङ) मीडिया, प्रकाशनों, विज्ञापनों, पोस्टरों या संचार के किसी अन्य माध्यम से जागरूकता सृजित करना।

32. प्रयुक्त तेल के आयातक का उत्तरदायित्व – प्रयुक्त तेल के आयातक निम्नलिखत के लिए उत्तरदायी होंगे-

(क) पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण।

(ख) पोर्टल के माध्यम से नियम 27 के उप-नियम (2) के अनुसार विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व के लक्ष्यों को पूरा करना।

(ग) किसी वित्तीय वर्ष से संबंधित वार्षिक रिटर्न उस वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात् 30 जून को या उससे पहले पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में फ़ाइल करना।

33. संग्रह अभिकर्ता का उत्तरदायित्व. - सभी संग्रह अभिकर्ताओं को -

(क) पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण करना है।

(ख) इन नियमों के अनुसार उत्पादकों से प्रयुक्त तेल का संग्रह करके रजिस्ट्रीकृत पुनर्चक्रणकर्ता या उत्पादक को आपूर्ति करना एवं पोर्टल पर जानकारी अपलोड करनी है।

(ग) किसी तिमाही से संबंधित रिटर्न को उसके पश्चात् के महीने के अंत में या उससे पहले पोर्टल पर निर्धारित प्रारूप में फ़ाइल करना है।

(घ) किसी वित्तीय वर्ष से संबंधित वार्षिक रिटर्न उस वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात् 30 जून को या उससे पहले पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में फ़ाइल करना है।

34. पुनचर्क्रणकर्ता के उत्तरदायित्व – प्रयुक्त तेल के सभी पुनचर्क्रणकर्ताओं को -

(क) पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण करना है;

(ख) यह सुनिश्चित करना है कि सुविधाएं तथा पुनः चक्रीकरण प्रकियाएं इन नियमों के अनुसार हैं;

(ग) यह सुनिश्चित करना है कि प्रयुक्त तेल के भंडारण, परिवहन और पुनः चक्रीकरण के दौरान पर्यावरण को कोई हानि न पहुंचे;

(घ) यह सुनिश्चित करना है कि पुनः चक्रीकरण की प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न अवशिष्ट का उक्त नियमावली के अनुसार ही निपटान किया जाता है;

(ङ) किसी तिमाही से संबंधित रिटर्न को उसके पश्चात् के महीने के अंत में या उससे पहले पोर्टल पर विहित प्रारूप में फ़ाइल करना है।

(च) किसी वित्तीय वर्ष से संबंधित वार्षिक रिटर्न उस वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद 30 जून को या उससे पहले पोर्टल पर विहित प्रपत्र में दर्ज करना है।

35. थोक उत्पादक के उत्तरदायित्व. - थोक उत्पादक-

(क) संग्रह अभिकर्ता की सुविधा के लिए अपने परिसरों से प्रयुक्त तेल के संग्रहण और परिवहन हेतु संग्रह स्थल स्थापित करेंगे; और

(ख) यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके द्वारा उत्पन्न प्रयुक्त तेल को केवल पंजीकृत पुनर्चक्रणकर्ताओं या उत्पादकों या संग्रह अभिकर्ता को ही सौंपा जाए;

36. केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के उत्तरदायित्व. -(1) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निम्नलिखित उत्तरदायित्व होंगे:-

(क) पोर्टल का संचालन और रखरखाव तथा विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व के अनुपालन की निगरानी;

(ख) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के साथ समन्वय;

(ग) समय-समय पर इस अध्याय के अधीन पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण, विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्र के सृजन, दायित्व के निर्वहन, रिटर्न हेतु तथा प्रयुक्त तेल के संग्रह, भंडारण, परिवहन, पुनः चक्रीकरण और इन नियमों के सुगम कार्यान्वयन के लिए अन्य मुद्दों के संबंध में भी दिशानिर्देश एवं मानक संचालन प्रक्रियाएं तैयार करना और जारी करना ;

(घ) इस अध्याय के कार्यान्वयन के लिए पोर्टल पर आवश्यक प्रारूप या रिटर्न या दिशानिर्देश तैयार करना और जारी करना;

(ङ) विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व के अनुपालन का पता लगाने के लिए यादृच्छिक जांच करना और इस प्रयोजन लिए बोर्ड सीमा शुल्क या राज्य सरकार या किसी अन्य अभिकरण (अभिकरणों) की मदद ले सकता है;

(च) प्रयुक्त तेल संबंधी डेटा का प्रलेखन, संकलन और इस पोर्टल पर अपलोड करना;

(छ) इस अध्याय के उल्लंघन के विरुद्ध कार्रवाई करना;

(ज) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य सरकार के शहरी स्थानीय निकाय अधिकारियों सहित क्षमता निर्माण के विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना;

(झ) जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना;

(ञ) सभी हितधारकों को केंद्रीकृत डिजिटल प्रणाली से जोड़ना;

(ट) वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना और उसे केंद्रीय सरकार को सौंपना; और

(ठ) अन्य कोई कार्य जो कि समय-समय पर केंद्रीय सरकार के द्वारा इस अध्याय के अधीन सौंपा जाए।

IndiaCode

37. राज्य सरकारों या संघ राज्य-क्षेत्रों या नगर पालिकाओं या स्थानीय निकायों या राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के उत्तरदायित्व - **(1)** राज्य और संघ राज्य-क्षेत्र के उद्योग विभाग या राज्य सरकार अथवा संघ राज्य-क्षेत्र द्वारा इस संबंध में यथास्थिति अधिकृत कोई अन्य सरकारी अभिकरण, जैसा भी मामला हो -

(क) पुनः शोधन और पुनः चक्रीकरण में सम्मिलित श्रमिकों की पहचान और रजिस्ट्रीकरण सुनिश्चित करेंगे;

(ख) प्रयुक्त तेल के पुनः चक्रीकरण में सम्मिलित श्रमिकों के लिए औद्योगिक कौशल विकास क्रियाकलापों का संचालन करेंगे;

(ग) प्रयुक्त तेल के पुनः चक्रीकरण में सम्मिलित श्रमिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए वार्षिक निगरानी करेंगे

(2) नगरपालिकाएं और स्थानीय निकाय अपने अधिकार क्षेत्र में प्रयुक्त तेल के संग्रह के लिए बड़ी संख्या में संग्रह स्थल स्थापित करने के लिए उत्पादकों और थोक उत्पादक या संग्रह अभिकर्ता को सहायता प्रदान करेंगे। इस प्रकार संग्रहीत किए गए प्रयुक्त तेल को अधिकृत पुनर्चक्रकों को नीलाम किया जा सकता है या बेचा जा सकता है।

(3) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या संघ राज्य-क्षेत्रों की प्रदूषण नियंत्रण समितियां, -

(i) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के समन्वय से इस अध्याय का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करेंगी;

(ii) संग्रह अभिकर्ता द्वारा संग्रह केंद्र स्थापित करने में सुविधा प्रदान करेंगी;

(iii) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्देशित किए अनुसार, विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व की निगरानी और अनुपालन करेंगी;

(iv) उत्पादकों या संग्रहकर्ता अभिकरणों या पुनर्चक्रणकर्ताओं का औचक निरीक्षण करेंगी;

(v) इस अध्याय के अधीन केंद्रीय सरकार द्वारा निर्दिष्ट कोई अन्य कार्य का निष्पादन करेंगी।

38. भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के उत्तरदायित्व - भारतीय मानक ब्यूरो परिसंकटमय और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमापारीय संचलन) द्वितीय संशोधन नियम, 2023 के आरंभ की तारीख से 9 महीने के भीतर ल्यूब्रिकेशन तेल के उत्पादकों के लिए बेस ऑयल के रूप में इस्तेमाल किए जा सकने वाले पुनः शोधित तेल हेतु आवश्यक मानक जारी करेगा।

39. पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति. - (1)यदि इस अध्याय में निर्धारित दायित्वों को पूरा नहीं किया जाता है या मिथ्या विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्र का संव्यवहार या उपयोग किया जाता है तो उत्पादकों पर या इस अध्याय के किन्हीं उपबंधों या इसके अधीन जारी किए गए दिशानिर्देशों का उल्लंघन किए जाने पर किसी इकाई पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित करने और उसकी वसूली करने के लिए केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दिशा-निर्देश तैयार करेगा।

(2) मिथ्या विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्र जारी करने और मिथ्या जानकारी देने के लिए पुनर्चक्रणकर्ताओं से भी पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति भी वसूली जाएगी।

(3) यह किसी अरजिस्ट्रीकृत उत्पादकों, पुनर्चक्रणकर्ताओं और किसी भी ऐसी संस्था से वसूली जाएगी जो इस अध्याय के उल्लंघन में सहायता करते हैं इसके लिए प्रेरित करते हैं।

(4) (i) पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का भुगतान इस अध्याय में विनिर्दिष्ट विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व से उत्पादक को मुक्त नहीं करेगा और किसी विशिष्ट वर्ष के लिए अपूर्ण विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व को अगले वर्ष के लिए बढ़ाया जाएगा और इसी प्रकार इसे तीन वर्ष तक आगे बढ़ाया जाएगा;

(ii) यदि एक वर्ष के पश्चात् विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व बाध्यता की कमी को पूरा किया जाता है, तो वसूली गई पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का पचासी प्रतिशत उत्पादक को वापस कर दिया जाएगा;

(iii) यदि विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व बाध्यता की कमी को दो वर्षों के पश्चात् पूरा किया जाता है,

तो वसूली गई पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का साठ प्रतिशत उत्पादक को वापस कर दिया जाएगा, यदि विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व बाध्यता की कमी को तीन वर्षों के पश्चात् पूरा किया जाता है, तो वसूली गई पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का तीस प्रतिशत उत्पादक को वापस कर दिया जाएगा, इसके पश्चात् उत्पादक को कोई भी पर्यावरण क्षतिपूर्ति वापस नहीं की जाएगी।

(5) ऐसी मिथ्या सूचना, जिसके परिणामस्वरूप पुनर्चक्रणकर्ता द्वारा वास्तविक रूप से पुनर्चक्रित अपशिष्ट की मात्रा से पाँच प्रतिशत से अधिक विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाण-पत्रों का सृजन होता है, देने के फलस्वरूप रजिस्ट्रीकरण रद्द हो जाएगा और पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाई जाएगी, जो वापसी योग्य नहीं होगी और इस अपराध को दोहराने पर इस अनुसूची का तीन बार या उससे अधिक उल्लंघन करने के परिणामस्वरूप पर्यावरण क्षतिपूर्ति प्रभारों को लगाने के अलावा रजिस्ट्रीकरण भी स्थायी रूप से रद्द कर दिया जाएगा।

(6) (i) पर्यावरण क्षतिपूर्ति के अधीन एकत्र की गई निधि को केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एक अलग तीसरे व्यक्ति के खाते में रखा जाएगा। एकत्र की गई निधि का उपयोग पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति वसूले गए गैर-एकत्रित प्रयुक्त तेल के संग्रहण और पुनः चक्रीकरण अथवा अंतिम निपटान और गैर-पुनर्चक्रित अथवा अनंतिम निपटान नहीं किए गए प्रयुक्त तेल के अंतिम निपटान हेतु तथा समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार अन्य शीर्षों पर किया जाएगा।

(ii) केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन के साथ संचालन समिति द्वारा निधि के उपयोग और शीर्षों के संबंध में विनिश्चय किया जाएगा।

40. अभियोजन. –कोई भी व्यक्ति, जो विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस अध्याय के अधीन अपेक्षित मिथ्या जानकारी प्रदान करता है, किसी भी तरीके से झूठे या जाली विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्रों का उपयोग करता है या ऐसे उपयोग का कारण बनता है, जानबूझकर इस अध्याय के किसी भी उपबंध का उल्लंघन करता है या सत्यापन और लेखा परीक्षा कार्यवाही में सहयोग करने में विफल रहता है, उस पर इस अधिनियम की धारा 15 के अधीन अभियोजित किया जाएगा। यह अभियोजन इस अध्याय के नियम 39 के अधीन वसूली गई पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के अतिरिक्त होगा।

41. सत्यापन एवं लेखा परीक्षा – (1)केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड स्वयं अथवा किसी नामोद्दिष्ट अभिकरण के माध्यम से निरीक्षण तथा आवधिक लेखा परीक्षा, जैसाकि उचित समझा गया है, के माध्यम से उत्पादकों, प्रयुक्त तेल के आयातकों, थोक उत्पादकों, एकत्रण अभिकरणों और पुनर्चक्रणकर्ताओं द्वारा इस अध्याय के अनुपालन का सत्यापन करेगा जिससे इस अध्याय के नियम 39 के उपबंधों के उल्लंघनों के विरूद्ध कार्रवाई की जा सके।

(2) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा सत्यापन और लेखापरीक्षा के शुल्क संबंधित रजिस्ट्रीकृत इकाई पर प्रभारित किए जाएंगे।

42. संचालन समिति. – (1) इस अध्याय के अधीन विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व के कार्यान्वयन का अधीक्षण करने के लिए अध्यक्ष, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अध्यक्षता में एक संचालन समिति होगी, जिसमें निम्नलिखित अन्य सदस्य होंगे, यथा:-

(i) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का एक प्रतिनिधि;

(ii) पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय का एक प्रतिनिधि;

(iii) उत्पादकों के अधिकतम दो प्रतिनिधि;

(iv) ऑटो मोबाइल विनिर्माण संघों के अधिकतम दो प्रतिनिधि.

IndiaCode

(v) पुनर्चक्रणकर्ता संघों के अधिकतम दो प्रतिनिधि;

(vi) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समिति का एक प्रतिनिधि जैसाकि संचालन समिति के अध्यक्ष द्वारा सहयोजित किया जाए;

(vii) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का सदस्य सचिव; और

(viii) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संबंधित प्रभाग का अध्यक्ष – सदस्य संयोजक

(2) संचालन समिति आवश्यकता के अनुसार किसी अन्य सदस्य को सहयोजित कर सकती है।

(3) संचालन समिति इस अध्याय के समग्र कार्यान्वयन, निगरानी और अधीक्षण के लिए उत्तरदायी होगी।

(4) यह इस संबंध में प्राप्त अभ्यावेदनों पर समय-समय पर उठने वाले विवादों के संबंध में विनिश्चय भी करेगी उठाए गए किसी ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय संदर्भित करेगी जो इस अध्याय से संबंधित हों।

(5) यह संचालन समिति तकनीकी प्रगति और अन्य कारकों को ध्यान में रखते हुए पुनर्चक्रण के रीतियों के लक्ष्य, अधिभार और अनुमेयता की समीक्षा और संशोधन करेगी और केन्द्रीय सरकार को अपनी सिफ़ारिशें देगी।

(6) संचालन समिति इस अध्याय के उपबंधों के उचित कार्यान्वयन के लिए उसके द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले सभी उपाय करेगी।

43. इस नियम के अन्य उपबंधों का अनुप्रयोग.- नियमों के अधीन निर्धारित किए गए अनुसार परिसंकटमय और अपशिष्ट से संबधित प्रावधान इस अध्याय के अधीन आने वाले प्रयुक्त तेल के उपयोग और प्रबंधन पर भी लागू होंगे।'

[फा. सं. 23/75/2021-एचएसएमडी]

नरेश पाल गंगवार, अपर सचिव

टिप्पण : मूल नियम को भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उप खंड (i) में सा.का.नि. संख्या 395(अ) तारीख 04 अप्रैल, 2016 को प्रकाशित किया गया था और इसके पश्चात् सा.का.नि. संख्या 670(अ) तारीख 06 जुलाई, 2016; सा.का.नि. संख्या 177(अ) तारीख 28 फरवरी, 2017; सा.का.नि. संख्या 544(अ) तारीख 11 जून, 2018; सा.का.नि. संख्या 178(अ) तारीख 01 मार्च, 2019; सा.का.नि. संख्या 641(अ) तारीख 09 अक्तूबर, 2020; सा.का.नि. संख्या 47(अ) तारीख 27 जनवरी, 2021; सा.का.नि. संख्या 798(अ) तारीख 12 नवम्बर, 2021; सा.का.नि. संख्या 593(अ) तारीख 21 जुलाई, 2022, सा.का.नि. संख्या 900(अ) तारीख 23 दिसम्बर, 2022 और सा.का.नि. संख्या 500(अ) तारीख 12 जुलाई, 2023 के द्वारा संशोधित किया गया था।

IndiaCode

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 18th September, 2023

G.S.R. 677(E).—Whereas the draft notification containing the draft extended producer responsibility for Used Oil were published by the Government of India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change, *vide* notification number G.S.R. 338(E), dated the 2nd May, 2023 in the Gazette of India, Extraordinary Part II, Section 3, Sub-section (i) inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby, before the expiry of the period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, the copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public on the 2nd day of May, 2023;

AND WHEREAS, the objections and suggestions received from the public in respect of the said draft notification within the said period have been duly considered by the Central Government;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sections 6, 8 and 25 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) read with sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Hazardous and Other Wastes (Management and Transboundary Movement) Rules, 2016, namely: -

1. (1) These rules may be called the Hazardous and Other Wastes (Management and Transboundary Movement) Second Amendment Rules, 2023.

   (2) They shall come into force from the 1st day of April, 2024.

2. In the Hazardous and Other Wastes (Management and Transboundary Movement) Rules, 2016 (hereinafter referred to as the said rules), after Chapter VI, the following Chapter shall be inserted, namely: -

'Chapter VII

Extended Producer Responsibility for Used Oil

25. Définitions. – For the purposes of this Chapter, -

(a) **"base oil"** means any oil used for production of finished lubrication oil;

(b) **''bulk generator"** includes any entity like automobile industry or railways or defence establishments or a transport company or industrial units or power transmission company or hotels or restaurants and other such entity which is generating more than 100 metric tonnes of used oil per annum;

(c) **"business"** means any activity of production or manufacturing or sale of base oil or lubrication oil, import of base oil, recycling used oil;

